मेरी माटी - मेरा देश- 'अमृत कलश यात्रा'

आज दिनांक 12/10/2023 को समय 12.30 बजे उदय प्रताप कॉलेज,वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मेरी माटी - मेरा देश अभियान के तहत 'अमृत कलश यात्रा' निकाली गई। सर्वप्रथम कॉलेज के प्रशासनिक भवन के सामने प्राचार्य प्रो.धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्त्व में पंच प्रण प्रतिज्ञा ली गई तत्पश्चात प्राचार्य,शिक्षक, NSS तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपने- अपने घरों से लाए मिट्टी/चावल को अमृत कलश में एकत्रित किया गया जिसे लेकर भोजूवीर चौराहे से होकर कॉलेज कैंपस में बड़े ही धूमधाम से रैली निकाली गई। महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र - छात्राओं ने इस रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बताते चलें कि बलिदानी और वीर वीरांगनाओ को सम्मान देने के लिए मेरी माटी - मेरा देश अभियान पूरे देश चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान देशभर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह अमृत कलश यात्रा देश के हर कोने से 7500 कलशों में मिट्टी और चावल एकत्रित करके लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती से एक दिन पहले दिल्ली कर्त्तव्य पथ पर पहुंचाया जाएगा। गांव से अमृत कलश ब्लॉक,ब्लॉक से जिला और फिर प्रदेश पहुंचेगी।प्रदेश भर से एकत्रित मिट्टी और चावल को दिल्ली पहुंचाया जाएगा। यह यात्रा अपने साथ देश के विभिन्न हिस्सों से पौधे भी लेकर आएगी।इन 7,500 कलशों में आने वाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास ‘अमृत वाटिका’ बनाई जाएगी। यह ‘अमृत वाटिका’ ‘एक भारत-श्रेष्ठ भारत’ का भव्य प्रतीक बनेगी। सूचना एवं प्रसारण और दूरसंचार विभाग के सचिव अपूर्व चंद्रा के मुताबिक, वीरों को श्रद्धांजलि के रूप में शिलाफलकम स्थापित किया जाएगा। मिट्टी का नमन और वीरों का वंदन; मेरी माटी - मेरा देश अभियान के प्रमुख घटक हैं। अंत में प्राचार्य द्वार कहा गया कि वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस राष्ट्रीय अभियान में अमृत कलश में मिट्टी और चावल एकत्रित करके शामिल होना पूरे कॉलेज परिवार को बहुत गर्व है और आगे भी कॉलेज परिवार ऐसे राष्ट्रीय कार्यक्रम और अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता रहेगा।

"मेरी माटी
GPS Map Camera
Google
Varanasi, Uttar Pradesh, India
udai Pratap autonomous college
Lat 25.35526°
Long 82.975227°
12/10/23 01:14 PM GMT +05:30

"मेरी माटी - मेरा दे
"कलश यात्रा"
राष्ट्रीय सेवा योजना,
उदय प्रताप कॉलेज, वाराण

"मेरी माटी - मेरा देश"
"कलश यात्रा"
राष्ट्रीय सेवा योजना,
उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी

"मेरी माटी - मेरा देश"
"कलश यात्रा"

EDUWORLD

Coca-Cola
UP65EJ2963